# उत्तर प्रदेश में होगी लॉजिस्टिक्स क्लस्टर्स की स्थापना

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **उत्तर प्रदेश सरकार** ने 30 ज़िलों में एक्सप्रेसवे के किनारे 33 **इंटीग्रेटेड मैनुफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स क्लस्टर (IMLC)** की स्थापना की प्रक्रिया शुरू की।

## मुख्य बिंदु

- **पाँच प्रमुख एक्सप्रेसवे** के किनारे IMLC स्थापित किये जाएंगे जिनमें गंगा, बुंदेलखंड, आगरा-लखनऊ, गोरखपुर लिंक और पूर्वांचल शामिल है
    - आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के किनारे आगरा और अलीगढ़ में डिफेंस कॉरिडोर के निर्माण के लिये अतिरिक्त भूमि आवंटित की जाएगी। फिरोज़ाबाद, इटावा एवं कन्नौज में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को IMLC के रूप में विकसित किया जाएगा
- सभी अनुसूचित परियोजनाओं के लिये पर्यावरण और वन मंजूरी आवश्यक है, **उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज़ औद्योगिक विकास प्राधिकरण (UPEIDA)** ने एक परामर्श अभिकरण का चयन करने के लिये **प्रस्ताव के लिये अनुरोध (RFP)** प्रक्रिया शुरू की है।

## उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज़ औद्योगिक विकास प्राधिकरण (UPEIDA)

- यह **उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में एक्सप्रेसवे परियोजनाओं के विकास के लिये वर्ष 2007 में स्थापित एक प्राधिकरण** है।
- UPEIDA का मुख्यालय लखनऊ के **गोमती नगर स्थित पर्यटन भवन में अवस्थित** है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-to-set-up-logistics-clusters